एक साल के अंदर बन जाएगा पहला चिप निर्माण संयंत्र : वैष्णव

नई दिल्ली, प्रेट्र: देश का पहला इलेक्ट्रानिक चिप मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्र एक साल के अंदर स्थापित हो जाएगा। यह बात केंद्रीय दूरसंचार और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक विशेष बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने शुरुआत में देश में वेफर फैब्रिकेशन प्लांट सहित सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए 10 अरब डालर का प्रोत्साहन देने का फैसला किया है। वेफर फैब्रिकेशन प्लांट फिजिकल चिप का पहला घटक, जिसका उपयोग सभी हाईटेक इलेक्ट्रानिक उत्पादों में किया जाता है।

वैष्णव ने कहा, 'हम कुछ विशेष प्रकार के चिप निर्माण करने की तरफ ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जहां हम विश्व का नेतृत्व कर सकते हैं। टेलीकाम और ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) और सेमीकंडक्टर्स के लिए बड़े खंड के तौर पर उभरे हैं। यदि हम इन क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले चिप के विकास और

अश्विनी वैष्णव •

केंद्रीय मंत्री बोले, हम ऐसे चिप की तरफ ध्यान दे रहे हैं, जहां हम वैश्विक नेतृत्व कर सकें, 10 अरब डालर का प्रोत्साहन देगी सरकार

मैन्यूफैक्चरिंग पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो हम विश्व का नेतृत्व कर सकते हैं। ' उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में हमें अच्छी सफलता मिलने की उम्मीद है। पूरा एक इकोसिस्टम स्थापित होगा, जहां पर फैब, डिजाइन और मैन्यूफैक्चरिंग सब कुछ एक जगह स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थित स्टोरेज चिप निर्माता कंपनी माइक्रोन के भारत में निवेश से पूरी दुनिया हमारी क्षमता को लेकर उत्साहित है।